मांग | विशाल जनसमूह ने सौपा ज्ञापन

# आर्यिका माता की दुर्घटना मृत्यु की जांच की मांग



**नवभारत, पनागर।** आज थाना पनागर में तहसीलदार गौरवपांडे एवं नायब तहसीलदार सरफराज अली को भारत सरकार के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों के नाम से पनागर सकल समाज ने ज्ञापन सौंपा एवं रीवा में हुई विहाररत दो आर्यिका माताजी के साथ हुई अत्यन्त दुखद घटना में संघ की पूज्य आर्यिकाओं का असामयिक निधन हो गया। इसकी जांच की मांग की इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष राजेश जैन कटंगा ने बताया कि

यह घटना केवल एक सड़क दुर्घटना भर नहीं मानी जा सकती। उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो क्लिपों के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है। अत: इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जाँच अत्यन्त आवश्यक है। ज्ञापन सौंपते हुए पुरुष एवं हजारों की संख्या में उपस्थित जनों ने ऐसे संतों के साथ लगातार बढ़ती दुर्घटनाएँ एवं हमले सम्पूर्ण समाज के लिए अत्यन्त चिंताजनक विषय हैं। ज्ञापन में घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच स्ढ्ढञ्ज अथवा न्यायिक जाँच कराई जाए।घटना से संबंधित सभी ष्टष्टञ्जङ्क, वीडियो एवं डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित किए जाएँ।दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाए।यदि सुनियोजित कृत्य अथवा षड्यंत्र के तथ्य मिलें, तो तदनुसार कठोर धाराएँ लगाई जाएँ।संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया जाए

### सभी धर्म के साधुओं के लिए की जाए विहार मार्गों पर प्रशासनिक समन्वय

संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग,ट्रैफिकनियंत्रण,चेतावनी संकेतक,हाईवे एवं भीड़भाड़ क्षेत्रों में विशेष सावधानी सुनिश्चित की जाए।राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाई जाए।

साधु-संत आत्मरक्षा नहीं करते,वाहन या सुरक्षा साधनों का उपयोग नहीं करते,तथा पूर्णत: अहिंसक जीवन जीते हैं। प्रशासन एवं समाज के बीच समन्वय तंत्र बने ऐसी अनेक मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा गया प्रात: 8 बजे बाजार जैन मंदिर से पंक्तिबद्ध तरीके से पुरुष महिलाओं बच्चों बच्चियों ने विशाल जुलूस नगर के मुख्य मार्गो से निकला जिसमें जैन समाज के अलावा ब्राह्मण समाज पनागर,जिला वैश्य समाज महासम्मेलन म.प्र. की जिला जबलपुर ग्रामीण इकाई नगर व्यापारी संघ आदर्श व्यापारी संघ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से जुलूस निकाला थाने में।

### ज्ञापन सौंपा

कार्यक्रम में श्री दिगंबर जैन प्रबंधकारिणी सभा के अध्यक्ष राजेश जैन मंत्री अभिनंदन चौधरी जिला वैश्य समाज ग्रामीण के अध्यक्ष विमल जैन पत्रकार ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष डॉ एस के पांडे आदर्श व्यापारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव मनोज चौधरी नगर व्यापारी संघ के संरक्षक राकेश जैन कटंगा विधायक प्रतिनिधि व उपाध्यक्ष आनंद जैन मिंचू जिला मंत्री अंकुर जैन मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र साहू अंकित जैन पत्रकार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शरद खजांची ,श्रीमती रीना जैन अंकित जैन पत्रकार के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित थे अन्य समाज से अनिल दुबे गोवर्धन खेतपाल सतीश पटेल प्रहलाद पटेल प्रदीप नामदेव पूर्व पार्षद ज्योति जैन नायक पूनम कुशवाहा महिला वैश्य समाज की नगर अध्यक्ष रजनी सोनी श्वेता केसरवानी ,अमित परोहा डॉ शारदा पटेल ,पवन पटेल, रामदीन साहू ,अतुल सैनी ,संदीप सोधिया शांतिनाथ महिला परिषद से रजनी मोदी, स्वाति जैन ,समीक्षा चौधरी ,रानी चौधरी डॉ चक्रेश सिंघई आनंद जैन लसगरी पवन लसगरी समिति सभा के सदस्य संजय जैन मानव रजनीश चौधरी राहुल मोदी मोनू सिंघई भी उपस्थित थे अंत में समाज ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर बसपा ने की बड़ी बैठक,सैकड़ों कार्यकर्ता 28 को पहुंचेंगे जबलपुर



**नवभारत, सिहोरा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सिहोरा की एक महत्वपूर्ण विधानसभा स्तरीय बैठक डॉ. अम्बेडकर सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश प्रभारी मान्य. बालकिशन चौधरी जी, जिला अध्यक्ष एड. लखन अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष सुरेश बंशकार और नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी सदस्य विष्णु पाण्डे शामिल हुए।

### संगठन विस्तार और सम्मेलन की रूपरेखा

विधानसभा अध्यक्ष मुकेश सूर्यवंशी ने बताया कि विधानसभा के सभी प्रमुख पदाधिकारियों को इस बैठक में आमंत्रित किया गया था। बैठक का मुख्य उद्देश्य 28 मई 2026 को जबलपुर के मानस भवन में होने वाले जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी करना था। इसके साथ ही सेक्टर और बूथ कमेटियों तक संगठन के विस्तार की ठोस योजना भी बनाई गई।

### वर्तमान सरकार की नीतियों पर प्रहार

बैठक को संबोधित करते हुए बसपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्तमान सरकार की गलत नीतियों, महंगाई और शोषण से त्रस्त जनता को जागरूक करने का काम तेजी से करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीयत गरीब वर्गों के प्रति ठीक नहीं है, इसलिए यह बेहद जरूरी है कि गरीब और सर्व समाज के हितों के लिए बसपा को सत्ता में लाने का काम किया जाए। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से 28 मई को बड़ी संख्या में जबलपुर पहुंचने की अपील की।

### नई नियुक्तियां और जिम्मेदारियां

संगठन को मजबूती देने के लिए बैठक में महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ भी की गईं: सचिन बंशकार (पूर्व नगर अध्यक्ष) को विधानसभा उपाध्यक्ष बनाया गया। एड. दिलीप चौधरी को विधानसभा महासचिव नियुक्त किया गया।

इसके साथ ही सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### बैठक में मौजूद प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता

इस अवसर पर बसपा के विधानसभा प्रभारी डेलन सिंह मसरावी सहित निम्नलिखित कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे: अंगद चौधरी अशोक बंशकार, गोविन्द चौधरी, आकाश कोल, राजू चौधरी, महेन्द्र बंशकार, प्रदीप धेंकार, अभिषेक चौधरी, कुशललाल चौधरी, चन्द्रभान चौधरी, विजय चौधरी,नरेश चौधरी।




# जून पखवाड़े से नहरों में छोड़ा जाए पानी

**नवभारत, पाटन ।** भारतीय किसान संघ की तहसील ईकाई के सदस्यों द्वारा रानी अवंति बाई नहर परियोजना के अधिकारियों के साथ आगामी सीजन को देखते हुए बैठक आयोजित की गई जिसमें की सदस्यों ने 15 जून से नहरों में धान की रुपाई के लिए पानी छोड़ने जर्जर नहरों की मरम्मत और सुधार कार्य कराने के साथ मुख्य नहर के मार्ग के सुधार की मांग रखी अधिकारियों द्वारा जल्द मांगो को ध्यान में रखकर कार्य प्रारंभ करने आस्वासन दिया।

जिसमें भारतीय किसान से प्रांत संगठन मंत्री माननीय तुलाराम जी प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी जी जिला उपाध्यक्ष रामकृष्ण जी मुकुल पचौरी राजेश पटेल जी सुनील पटेल मुदित पचोरी मदन मोहन जी मनीष जी भाई साहब एवं अन्य किसान भाइयों की उपस्थिति रही।

### युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर ।** पाटन थाना अंतर्गत बेनीखेड़ा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक आकाश साहू 31 वर्ष निवासी बेनीखेड़ा ने सूचना दी कि उसकी मौसी गौरीबाई यादव ने फोन से बताया कि उनका बेटा दुर्गेश साहू ने घर के कमरे में फांसी लगा ली है तो वह मौसी के घर जाकर देखा घर का दरवाजा अंदर से बंद था मोहल्ले के लोगों की भीड़ लगी थी गांव कोटवार व अन्य लोग भी थे दरवाजा तोड़कर अंदर देखे दीवाल में लगा वेंटीलेशन लोहे के जंगला से नीले रंग की रस्सी बांधकर दुर्गेश साहू 28 वर्ष मृत अवस्था में फांसी पर लटका था।

# साध्वियों की समाधि से आक्रोश, जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,पाटन ।** रीवा जिले में 20 मई को कार की टक्कर से दो जैन साध्वियों की समाधि हो गयी पूरी घटना को आरोपी द्वारा जानबूझकर कर अंजाम दिया गया और साध्वियों को सामने से सीधी टक्कर मार दी घटना में एक साध्वी की तो मौके पर ही मौत हो गयी थी घटना को लेकर जैन समाज मे खासा आक्रोश है पूरी घटना ने समाज को झकझोर कर रख दिया है।

साधु संतों के साथ हो रही लगातार घटनाओं को लेकर सोमवार को गुरु मोहोल्ला के जैन मंदिर से समाज के लोगो द्वारा मौन जुलूस निकाला गया जो कि तहसील कार्यालय पहुँचा जहाँ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम एस डी एम मानवेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा गया और रीवा की घटना की उच्चस्तरीय जांच के साथ आरोपी पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग साधु संतों के विहार के दौरान सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की गई ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो जैन समाज का कहना है कि साधु संत समाज को सुधारने का कार्य करते है और सनमार्गो पर ले जाने का कार्य करते है इस प्रकार की घटना द्वेषपूर्ण भावना रखकर अंजाम दी जाती है जो कि दुखद है मामले की जांच के साथ आरोपी पर कड़ी कार्यवाही हो ऐसी हमारी मांग है ज्ञापन के दौरान सैकड़ो की संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।



# मेधावी छात्रों और शिक्षकों को किया गया सम्मानित



जस्टिस एम.एस.ए. सिद्दीकी फाउंडेशन का वार्षिक सम्मान समारोह

**नवभारत, जबलपुर।** जस्टिस एम.एस.ए. सिद्दीकी फाउंडेशन का वार्षिक सम्मान समारोह मानस भवन में गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक एवं पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया और पूर्व विधायक विनय सक्सेना उपस्थित रहे। इस भव्य आयोजन में शैक्षणिक सत्र के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दसवीं बोर्ड के तैंतीस टॉपर और बारहवीं बोर्ड के अड़तीस टॉपर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किए गए। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले श्रेष्ठ शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

फाउंडेशन ने अंकसूची की प्रामाणिकता के आधार पर एक विशेष मेरिट सूची तैयार की थी। इसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के कुल पंद्रह छात्रों (दसवीं के तीन और बारहवीं के बारह विद्यार्थी) को क्रमश: 5100, 3100 और 2100 रुपये की स्कॉलरशिप राशि का नगद भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त मॉडल स्कूल में चयनित चार बच्चों, शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाने वाले नीट के दो छात्रों और आईआईटी बॉम्बे से बी.टेक. कर बैंगलोर में मीशो कंपनी में सीनियर प्रोडक्शन मैनेजर पद पर नियुक्त हुए छात्र आयाम को भी विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। विदित हो कि यह संस्था विगत चार वर्षों से समाज के गरीब, जरूरतमंद बच्चों सहित विधवा और तलाकशुदा महिलाओं की शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है। वर्तमान में फाउंडेशन द्वारा एमपीपीएससी, एसएससी, रेलवे और कर्मचारी चयन मंडल जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों हेतु नि:शुल्क कोचिंग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इसके साथ ही वंचित महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक समर्पित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र भी सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है।

### पांच फरार बदमाशों पर ईनाम

**जबलपुर।** गोहलपुर थाने में दर्ज हत्या के प्रयास, अपहरण समेत अन्य धाराओं में फरार चल रहे पांच आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने दस-दस हजार रू पए का ईनाम घोषित कर दिया है। जानकारी के अनुसार गोहलपुर थाने में दर्ज प्रकरण में मोहित उर्फ भग्गू चौधरी पिता राजेश चौधरी निवासी अमखेरा, रंजीत उर्फ साकेत चौधरी पिता शारदा चौधरी निवासी जीना मोहल्ला हनुमानताल, लक्की उर्फ निशांत चौधरी पिता कैलाश चौधरी 20 वर्ष निवासी रद्दी चौकी, करण ठाकुर पिता निरंजन ठाकुर निवासी अधारताल, अखिल कश्यप पर दस-दस हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया है । इसके अलावा पनागर थाने में दर्ज मारपीट, धमकी समेत अन्-य धाराओं के प्रकरण में फरार मोनू पटेल पिता रामकिशोर पटेल निवासी जुनवानी पनागर पर चार हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया है ।



# कटंगी में भीषण गर्मी का असर,बाजारों में पसरा सन्नाटा

जल स्तर गिरने लगा

**नवभारत,कटंगी ।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है ।तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय कटंगी बाजार में सन्नाटा पसरा दिखाई दिया, वहीं सड़कों पर भी आवाजाही कम नजर आई।

भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र में जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। कई स्थानों पर हैंडपंप और कुओं का पानी कम होने लगा है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल संकट की चिंता बढ़ गई है। लोगों को पेयजल के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

व्यापारियों का कहना है कि गर्मी के कारण ग्राहक बाजार नहीं पहुंच रहे, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। वहीं मजदूर वर्ग और छोटे दुकानदार सबसे अधिक परेशान दिखाई दे रहे हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से जल संरक्षण और पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी तेज गर्मी और लू चलने की संभावना जताई गई है, जिसके चलते लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

# पिकअप-कार से ढुल रही शराब पकड़ाई



**नवभारत,जबलपुर।** पनागर एवं पाटन पुलिस की अलग-अलग टीम द्वारा पिकअप एवं अल्टो कार से ढुल रही 6 हजार 850 पाव देशी शराब जप्त की है। साथ ही अवैध शराब के कारोबार में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

पनागर टीआई विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि कुशनेर तिराहा में दबिश दी गई जहां कटनी तरफ से पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड के 4108 आते दिखी रोकने का प्रयास किया, चालक द्वारा वाहन नहीं रोका गया, पिकअप का पीछा किया गया पिकअप का चालक बघेली मोड़ एन एच 30 जबलपुर कटनी रोड पर पिकअप घुमाकर खड़ी किया। चालक अपने एक अन्य साथी के साथ भाग गया। पिकअप की त्रिपाल खोलकर चौक करने पर पीछे के डाला में 128 कार्टून में देशी शराब के कुल 6 हजार 400 पाव कुल कीमती लगभग 6 लाख 7 हजार 300 रूपये के रखे मिले। आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इसी प्रकार पाटन थाना प्रभारी गोपिन्द्र सिंह ने बताया कि पाटन मनकेड़ी रोड़ चौधरी मोहल्ला पाटन आरा मशीन के सामने दबिश दी गई पाटन तरफ से ग्रे रंग की अल्टो कार क्रमांक एमपी 20 जेड एक्स 4178 आती दिखी जिसे रोकने का प्रयास किया लेकिन कार चालक नहीं रूका जिसका पीछा किया तभी कार से तीन लड़के उतरकर झाड़ियों में भागने में सफल हो गये कार चालक जितेन्द्र जैन 30 वर्ष निवासी कछार गांव थाना ढीमरखेड़ा जिला कटनी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर कार से उतरकर भागने वालों के नाम चक्की ठाकुर निवासी गोसलपुर, सत्तू एवं बंटा उर्फ शिवम तिवारी दोनों निवासी कुंसरी थाना ढीमरखेड़ा जिला कटनी बताया, तलाशी लेने पर कार की डिक्की में 9 कार्टून में कुल 450 पाव देशी शराब कीमती लगभग 45 हजार रूपये के रखे मिले, आरोपी कार चालक जितेन्द्र ने उक्त शराब अपने साथी चिक्की, सत्तू और बंटा उर्फ शिवम तिवारी के साथ मिलकर परिवहन करना बताया।

### बाइकें भिड़ी, दो घायल

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत पौड़ा के पास मेनरोड पर दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक सोमवार शाम लखन सिंह 25 वर्ष निवासी शिक्षक कॉलोनी विजयनगर ने रिपोर्ट कराई कि वह सुबह अपने साथी विष्णु राय की मोटर सायकल से मझौली जा रहा था जैसे ही दोपहर लगभग 3 बजे पौड़ा के पास मेनरोड पर पहुँचे तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन एक्स 0124 का चालक तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे वह एवं विष्णु राय मोटर सायकिल सहित रोड पर गिर गये, दोनों को हाथ पैर सिर में चोटें आईं हैं। विष्णु राय को उपचार हेतु राहगीरों की मद्द से जबलपुर भिजवाया है।

# चाकू के साथ तलवारबाजी : दो घायल

**नवभारत, जबलपुर ।** घमापुर थाना अंतर्गत शीतलामाई में बदमाशों ने घर में घुसकर चाकू चलाने के साथ तलवारबाजी कर दी जिसमें दो युवक घायल हो गए । जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया ।

पुलिस के मुताबिक आकाश राजपूत 25 वर्ष निवासी अच्छेमिया का बाड़ा शीतलामाई घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 10-30 बजे घर में था तभी राज सोनकर और साहिल ठाकुर उसके घर के अंदर आये और आवाज लगाये, साहिल ठाकुर एवं राज सोनकर के सामने आया घर के अंदर ही राज सोनकर, साहिल ठाकुर पुरानी बुराई को लेकर उसके साथ विवाद करने लगे, राज सोनकर ने जान से मारने की नियत से तलवार से हमलाकर वायें हाथ में चोट पहुंचा दी साहिल ठाकुर ने हाथ मुक्कों से मारपीट कर सीना में चोट पहुंचा दी, प्रकाश सिंह राजपूत बीच बचाव करने आया तो साहिल ठाकुर ने चाकू से हमलाकर प्रकाश सिंह राजपूत के दाहने हाथ में चोट पहुँचा दी। दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

### यहां चाकू के साथ चली ब्लेड, 2 घायल

गोरखपुर थाना अंतर्गत खालसा कॉलेज के पास चाकूबाजी हो गई जिसमें युवक घायल हो गया । घमापुर में ब्लेड से हमला कर युवक को जख्मी कर दिया गया । गोरखपुर पुलिस ने बताया कि आकाश बर्मन 23 वर्ष निवासी पीपल मोहल्ला को खालसा कॉलेज के पास अदनान खान, कबीर यादव ने रोका और शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे । मना करने पर अदनान ने चाकू मारकर चोट पहुंचा दी । इसी प्रकार घमापुर पुलिस ने बताया कि चंद्रमोहन झारिया 33 वर्ष निवासी कांचघर नई बस्ती का रविदास मंदिर के पास बैठा था उसी समय अनीष चौधरी आकर शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो ब्लेड से हमलाकर चोट पहुंचा दी।